सांवरे पर मुझे विश्वास है जग की ना आस है लिरिक्स

जब जब भी दिल घबराता,
कुछ नज़र कहीं ना आता,
मैं नाम तेरा ही लेकर,
अपना हर वक़्त बीताता,
सांवरे पर मुझे विश्वास है,
जग की ना आस है।bd।

तर्ज – ये बंधन तो।

जब जब भी संकट आया,
जब जब भी विपदा आई,
वो लीले चढ़कर आया,
और मोरछड़ी लहराई,
थी धुप गमो की सर पर,
हाथों से कर दी ये छाया,
हारे का साथी बन कर,
मेरा पल पल साथ निभाया,
साँवरे पर मुझे विश्वास है
जग की ना आस है।bd।

जीवन के अंधेरो में भी,
तेरे नाम की ज्योत जलाई,
जब जब भी गिरा मैं बाबा,
आकर के थामी कलाई,
जब फसी भवर में नैया,
तू माझी बनकर आया,
जग ने तो फेरी आँखें,
पलकों पे तूने बिठाया,
साँवरे पर मुझे विश्वास है
जग की ना आस है।bd।

जब तेरा साथ नहीं था,
कुछ भी मेरे पास नहीं था,
कितनी भी मुसीबत आई,
मेरा विश्वास तू ही था,
जबसे तेरी शरण में आया,
[illegible]

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे भजनो से ही तो,
'विक्की' ने नाम कमाया,
साँवरे पर मुझे विश्वास है
जग की ना आस है।bd।

जब जब भी दिल घबराता,
कुछ नज़र कहीं ना आता,
मैं नाम तेरा ही लेकर,
अपना हर वक़्त बीताता,
सांवरे पर मुझे विश्वास है,
जग की ना आस है।bd।

Singer – Sanjay Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com